| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 10th Feb 2018 |

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

# ई-वेस्ट पर हुआ नुक्कड़ नाटक

**गुरुग्राम।** विद्युतीय बेकार उपकरण निस्तारण अर्थात् ई-वेस्ट पर जन-जागरूकता अभियान के तहत सनसिटी के कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

यह नाटक डॉ. बीना राघव और साहिल के देखरेख में संपन्न हुआ।

इसमें बच्चों ने बेकार पड़े विद्युत उपकरणों, प्लास्टिक आदि के निस्तारण के तरीके को नाटक के माध्यम से अभिव्यक्त किया। दर्शकों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ज्ञानवर्धक नाटक है। पुराने और बेकार पड़े टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल फोन और प्लास्टिक आदि को जलाने से जहरीला धुआं निकलता है जो पर्यावरण को प्रदूषित करता है।

| Publication | Navbharat Times |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 10th Feb 2018 |

NBT नवभारत टाइम्स

# नुक्कड़ नाटक दिखाया

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** ई-वेस्ट पर जन-जागरूकता अभियान के तहत सनसिटी स्कूल के 7वीं और 8वीं के छात्रों ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। इसमें बच्चों ने बड़े आकर्षक ढंग से बेकार पड़ी विद्युत उपकरणों, प्लास्टिक आदि के निस्तारण के तरीके को नाटक के माध्यम से अभिव्यक्त किया। दर्शकों ने विषय और बच्चों के प्रस्तुतिकरण की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही ज्ञानवर्धक नाटक है। पुराने और बेकार पड़े टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल फोन और प्लास्टिक आदि को जलाने से जहरीला धुआं निकलता है जो हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। साथ ही इस कचरे को कहां, कैसे निस्तारित करें, इसकी समुचित जानकारी भी नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। स्कूल की प्राचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि हमेशा अपने बच्चों को सामाजिक जागरूकता से संबंधित अभियान चलाने के लिए प्रेरित करते है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वह देश के अच्छे नागरिक बन सकें।

| Publication | Dainik Bhaskar |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 05 |
| Date | 10th Feb 2018 |

दैनिक भास्कर

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर बताया कैसे करें वेस्ट विद्युत उपकरणों के निस्तारण

गुड़गांव| सेक्टर-54 -56 के टाउनशिप में "विद्युतीय बेकार उपकरण निस्तारण" अर्थात ई-वेस्ट पर जागरुकता अभियान के तहत सनसिटी स्कूल के कक्षा 7 और 8 के स्टूडेंट्स ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक डॉ. बीना राघव और साहिल के निर्देशन में हुआ। बच्चों ने बेकार पड़े विद्युत उपकरणों, प्लास्टिक आदि के निस्तारण के तरीके को नाटक के जरिए बताया। बच्चों ने दर्शकों को बताया कि वेस्ट टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल फोन और प्लास्टिक आदि को जलाने से जहरीला धुआं निकलता है जो पर्यावरण को प्रदूषित करता है। बच्चों ने बताया कि कैसे इस वेस्ट का निस्तारण करें।

| | |
|---|---|
| Publication | Amar Ujala |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 05 |
| Date | 10th Feb 2018 |

अमर उजाला

# छात्रों ने ई-वेस्ट पर किया नुक्कड़ नाटक

**गुरुग्राम।** ई-वेस्ट पर जागरूकता अभियान के तहत सनसिटी स्कूल के 7वीं व 8वीं के विद्यार्थियों ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक पेश किया। बच्चों ने नाटक सेक्टर-54 लाल लगुन के पास सरकारी स्कूल में बच्चों को भी दिखाया। स्कूल की कुसुम व कविता ने भी साथ निभाया। नाटक डॉ. बीना राघव व साहिल की देखरेख में पेश किया गया। इसमें बच्चों ने बेकार विद्युत उपकरणों व प्लास्टिक निस्तारण के तरीके को नाटक के माध्यम से लोगों को समझाया। जिनकी दर्शकों ने बच्चों के प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की। ब्यूरो

PR PROFESSIONALS
*Race for Excellence*

| Publication | Gurgaon Today |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 05 |
| Date | 10th Feb 2018 |

गुड़गांव टुडे

# स्कूली बच्चों ने ई-वेस्ट पर किया नुक्कड़ नाटक



ई कचरा के निस्तारण की जानकारी के लिए नुक्कड़ नाटक करते स्कूली बच्चे।

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

विद्युतीय बेकार उपकरण निस्तारण अर्थात ई-वेस्ट पर जन जागरूकता अभियान के तहत सनसिटी की कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। यह नाटक डॉ. बीना राघव और साहिल के देखरेख में संपन्न हुआ।

बच्चों ने बड़े आकर्षक ढंग से बेकार पड़े विद्युत उपकरणों, प्लास्टिक आदि के निस्तारण के तरीके को नाटक के माध्यम से अभिव्यक्त किया। दर्शकों ने विषय और बच्चों के प्रस्तुतिकरण की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही ज्ञानवर्धक नाटक है। पुराने और बेकार पड़े टीवी, कंप्यूटर, मोबाईल फोन और प्लास्टिक आदि को जलाने से जहरीला धुआं निकलता है जो हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। साथ ही इस कचरे को कहां, कैसे निस्तारित करें, इसकी समुचित जानकारी भी मिली।

इस विषय पर सनसिटी स्कूल की प्राचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि सनसिटी स्कूल सदैव अपने बच्चों को सामाजिक जागरूकता से संबंधित अभियान चलाने के लिए प्रेरित करता है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वह देश के अच्छे नागरिक बन सकें। बाद में बच्चों ने यह नाटक सैक्टर 54 के लाल लगून के पास सरकारी विद्यालय के बच्चों के सामने भी प्रदर्शित किया। बच्चों के साथ उनकी देख रेख और सहयोग के लिए स्कूल से जुड़ी कुसुम और कविता भी साथ में रहीं।

| Publication | Human India |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 08 |
| Date | 10th Feb 2018 |

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज

# सनसिटी स्कूल के बच्चों ने ई-वेस्ट पर किया नुक्कड़ नाटक

**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** विद्युतीय बेकार उपकरण निस्तारण अर्थात ई-वेस्ट पर जन-जागरूकता अभियान के तहत सनसिटी के कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों ने सनसिटी बाजार में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया यह नाटक डॉ. बीना राघव और साहिल के देखरेख में संपन्न हुआ।

इसमें बच्चों ने बड़े आकर्षक ढंग से बेकार पड़ी विद्युत उपकरणों, प्लास्टिक आदि के निस्तारण के तरीके को नाटक के माध्यम से



अभिव्यक्त किया। दर्शकों ने विषय और बच्चों के प्रस्तुतिकरण की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही ज्ञानवर्धक नाटक है पुराने और बेकार पड़े टी.वी., कंप्यूटर, मोबाईल फोन और प्लास्टिक आदि को जलाने से जहरीला धुआँ निकलता है जो हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। साथ ही इस कचरे को कहाँ, कैसे निस्तारित करें, इसकी समुचित जानकारी भी मिली।

इस विषय पर सनसिटी स्कूल की प्राचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि सनसिटी स्कूल सदैव अपने बच्चों को सामाजिक जागरूकता से सम्बंधित अभियान चलाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वह देश के अच्छे नागरिक बन सकें। तदोपरांत, बच्चों ने यह नाटक सैक्टर-54 के लाल लगून के पास सरकारी विद्यालय के बच्चों के सामने भी प्रदर्शित किया। बच्चों के साथ उनकी देख-रेख और सहयोग के लिए स्कूल से जुड़ी कुसुम और कविता भी साथ में रहीं।